## हरियाणा विधान सभा

**सोमवार, 21 मार्च, 2022**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**अतारांकित प्रश्न**

---

### बैंकों को सूचीबद्ध करने का मानदंड

**771. श्री वरूण चौधरी, एम०एल०ए०:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) सरकारी विभागों के साथ व्यापार करने के लिए सूचीबद्ध बैंकों के लिए सरकार का मानदंड क्या है;

(ख) गत 3 वर्षों में सूचीबद्ध की समीक्षा करने की तिथियां क्या हैं;

(ग) मानदंड के अनुसार सूचीबद्ध बैंकों की सूची क्या है; तथा

(घ) अपनाए गए मानदंड के लिए छूट के साथ सूचीबद्ध बैंकों की सूची क्या हैं तथा इसके क्या कारण है ?

---

### भूमि का आबंटन

**835. श्री नीरज शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) फरीदाबाद के बाटा चौंक के नजदीक स्क्रैप मार्केट क्या सरकारी भूमि या निजी भूमि पर स्थित थी तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त स्क्रैप मार्केट के काश्तकारों को रियायती दर पर भूमि आबंटित की गई है; तथा

(ग) यदि हां, तो सरकार की उस नीति का ब्यौरा क्या है जिसके अंतर्गत उपरोक्त काश्तकारों को रियायती दर पर भूमि आबंटित की गई है ?

---

### नहरों की मरम्मत करना

**815. श्री अमित सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या 20 वर्षों पहले निर्मित निम्नलिखित नहरों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:–

(i) राजपुरा माइनर;

(ii) आसा खेड़ा माइनर;

(iii) जण्डेवाला रजबाहा;

(iv) तेजा खेड़ा रजबाहा;

(v) चौटाला रजबाहा;

(vi) कालूआना रजबाहा; तथा

(ख) यदि हां, तो इनकी मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

**प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के कार्य शैली की समीक्षा**

770. **श्री वरूण चौधरी, एम०एल०ए० :** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) हरियाणा में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति की कुल संख्या कितनी है;

(ख) गत् एक वर्ष में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के संचालन/चलाने के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि खर्च की गई;

(ग) गत् तीन वित्तीय वर्षों (2018–2019, 2019–2020 तथा 2020–2021) में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति द्वारा सहकारी तथा अन्य बैंकों को दिए जाने वाले राजस्व तथा ब्याज का जिलेवार ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के कार्यशैली की समीक्षा तथा कार्य क्षमता को सुधारने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

**मांझावाली पुल का ब्यौरा**

836. **श्री नीरज शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) मांझावाली पुल की आधारशिला कब रखी गई थी तथा उक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है;

(ख) क्या उक्त पुल के डिजाइन में किसी प्रकार का बदलाव किया गया है; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या उपरोक्त पुल के डिजाइन में उपरोक्त बदलाव के कारण निर्माण पर अतिरिक्त खर्च ठेकेदार या सरकार वहन करेगी तथा ब्यौरा क्या है ?

---

**शिक्षा प्रेरकों को पुनः नियुक्त करना**

816. **श्री अमित सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 3900 शिक्षा प्रेरकों को पुनः नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इनकी पुनः नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है?

---

## उद्यम प्रोत्साहन नीति, 2015 का अंतिम परिणाम

724. **श्री वरूण चौधरी, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में निवेश तथा रोजगार सृजन के संबंध में उद्यम प्रोत्साहन नीति, 2015 का अंतिम परिणाम क्या है?

---

## फरीदाबाद के रास्तों का ब्यौरा

837. **श्री नीरज शर्मा, एम०एल०ए०:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद में प्याली चौक से एफ.सी.आई. गोदाम के सामने से रेलवे लाइन गुजर रही थी;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रेलवे लाइन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या फरीदाबाद में एफ.सी.आई. गोदाम के साथ लगते औद्योगिक परिसर का रास्ता अधिकृत है या नहीं; तथा

(घ) क्या उक्त परिसर का रास्ता नक्शे के अनुसार है या नहीं ?

---

## मुआवजा देना

817. **श्री अमित सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि भारत माला परियोजना के अन्तर्गत निर्मित किए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग–54, डबवाली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के अधीन पड़ने वाले नौ गांवों से गुजरेगा; यदि हां, तो उपरोक्त गांवों के उन सभी किसानों को, जिनकी भूमि अधिग्रहित हुई है, मुआवजा कब तक दिए जाने की संभावना है ?

---

## ओवर हैड टेंकियों की संख्या

769. **श्री वरूण चौधरी, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) अम्बाला जिला में गांव/वार्ड के नाम सहित ओवर–हैड टेंकियों के स्थान–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उन गांवों/वार्डों के नाम क्या है, जहां ओवर हैड टेंकियां कार्य करने की परिस्थिति में है; तथा

(ग) शेष ओवर हैड टेंकियों के कब तक कार्यात्मक बनाये जाने की संभावना है ?

---

## ड्रेनों की मरम्मत करना

838. **श्री नीरज शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) वार्ड नं० 5 के वैद्य रोड तथा नेत राम सरिया रोड पर पानी की निकासी का प्रबंधन तथा पुनः निर्माण का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;

(ख) अटल चौक से वार्ड नं० 6 तथा 9 के देव दत्त प्रोपर्टी डीलर तक विभाजित सड़क पर आर.सी.सी. नाला/ड्रेन की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) वार्ड नं० 9, नंगला पार्ट–2, सुभाष चौक से इस्लाम खान तक के रास्ते का पानी निकालने के लिए प्रयोग की जाने वाली आर.सी.सी. ड्रेन की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

**राज्य में बसों की संख्या**

818. **श्री अमित सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में 2014 की तुलना में वर्तमान में परिचालित राज्य परिवहन बसों (सरकारी) की संख्या कितनी है;

(ख) क्या राज्य में नई बसों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) राज्य में परिवहन विभाग में अमले के पदों का ब्यौरा क्या है ?

---

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़:
दिनांक 13 मार्च, 2022.

58591—H.V.S.—H.G.P., Chd.